रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2560] नई दिल्ली, बुधवार, अक्तूबर 26, 2016/कार्तिक 4, 1938
No. 2560] NEW DELHI, WEDNESDAY, OCTOBER 26, 2016/KARTIKA 4, 1938

indiacode

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर, 2016

का.आ. 3307(अ).—भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. 2385 (अ) तारीख 31 अगस्त, 2015, उस सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उस राजपत्र की प्रतियां, जिसमें यह अधिसूचना अंतर्विष्ट है, उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करते हुए एक प्रारुप अधिसूचना प्रकाशित की गई थी;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के उत्तर में सभी व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केंद्रीय सरकार द्वारा सम्यक् रुप से विचार किया गया;

और, पर्याप्त पारिस्थितिक के लिए 187.50 वर्ग किलोमीटर के ऊपरी क्षेत्र में अधिसूचना सं. 55/5/97 तारीख 18.6.1997 द्वारा मणिपुर जिले में चूर्ण चंदनपुर में कैलम वन्यजीव अभयारण्य की घोषणा के लिए वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 98 के अधीन मणिपुर राज्य सरकार के आशय की अधिसूचना जारी की थी;

आइकल, जीव-जंतु, वनस्पतीय, भू-जनसांख्यिकी, प्राकृतिक और पारिस्थितिक महत्ता और संरक्षण प्रचार तथा विकास वन्यजीव उसके पर्यावरण के लिए है;

और, कैलम वन्यजीव अभयारण्य में विविध वनस्पति और जीव-जन्तु पाए जाते हैं, जिसमें धनेशों की पांच प्रजातियां अर्थात् ग्रेट इंडियन धनेश (बुसेरोस बाईकोरनिस), रुफोस नेकड धनेश (एसेरोस निपालेंसिस), गीदड धनेश (रायटीसेरोस अण्डुलेट्स), इंडियन पाइड एंड लैसर पाइड धनेश (एन्थराकोसेरोस स्पा.) और ब्राउन बैकड धनेश (एनोर्रहिनस स्पा.) तथा अन्य प्रजातियां अर्थात् हुलांक उतक (हुलॉक लेउकोनेडिस), मुंजक (मुन्टियासिनि), सांबर (रुसा यूनिकोलोर), तेंदुआ (पैंथेरा पारडस), सियार (कैनिस औरेउस), बनबिलाव (फेलिस चौस), लमचित्ता (लेओफेलिस नेबुलोसा), गोल्डन कैट (कैटोपुमा टेम्मिनकी), सिराव (कैपरिकोरनिस स्पा), स्टंप टेल्ड कैक (मकाका आरटोइडेस), पिग टेलड बंदर (मकाका स्पा.), मार्बल कैट (पारडोफेलिस मरमोरेटा) सम्मिलित हैं;

और, कैलम वन्यजीव अभयारण्य के संरक्षित क्षेत्र के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट है, पारिस्थितिक और पर्यावरणीय दृष्टि से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में संरक्षित और सुरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गों का प्रचालन और प्रसंस्करण को पारिस्थितिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है ;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (3) के साथ पठित और उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कैलम वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) मणिपुर राज्य के कैलम वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 3.7 किलोमीटर से 13.0 किलोमीटर सीमा क्षेत्र को अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :-

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं.—** (1) पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार कैलम वन्यजीव अभयारण्य की सीमा 3.7 किलोमीटर से 13.0 किलोमीटर तक है और पारिस्थितिक संवेदी जोन का क्षेत्रफल 734.0 वर्ग किलोमीटर है।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन की वर्णित सीमा, वन्यजीव अभयारण्य और पारिस्थितिक संवेदी जोन के निर्देशांक **उपाबंध I** के रूप में उपाबद्ध है ।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन के मानचित्र के साथ इसके अक्षांक्ष और देशांतर **उपाबंध** II के रूप में उपाबद्ध है ।

(4) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर आने वाले ग्रामों की सूची प्रमुख बिन्दुओं के निर्देशांक **उपाबंध** III के रूप में उपाबद्ध है ।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.— 1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से, इस अधिसूचना में संलग्न अनुबंधों के सामंजस्य से आंचलिक महायोजना तैयार करेगी ।

(2) आंचलिक महायोजना राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होगी ।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रूप में ऐसी रीति में राज्य सरकार तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के सामंजस्य में भी तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देश, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(4) आंचलिक महायोजना, निम्नलिखित सभी संबद्ध राज्य सरकार के विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण ;

(ii) वन ;

(iii) नगर विकास ;

(iv) पर्यटन ;

(v) नगरपालिका ;

(vi) राजस्व ;

(vii) कृषि ; और

(viii) मणिपुर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,

इसमें पर्यावरणीय और पारिस्थितिक विचारों को समाकलित करने के लिए होंगे ।

(5) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचनात्मक और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हों और आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचना क्रियाकलापों में दक्षता और पारिस्थितिक अनुकूलता का संवर्धन करेगी ।

(6) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिक और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलूओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(7) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, आर्किडों, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी ।

(8) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास को पारिस्थितिक अनुकूल विकास और स्थानीय समुदायों की जीवकोपार्जन को सुनिश्चित करते हुए विनियमित होगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.—**राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात् :--

IndiaCode

(1) **भू-उपयोग.**—पारिस्थितिक संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा :

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि का संपरिवर्तन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए और पैरा 4 की सारणी के स्तंभ (2) के अधीन मद सं0 26, 30, 35 और सं. 40 के सामने सूचीबद्ध क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होंगे, अर्थात् :-

(i) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(ii) पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिक अनुकूल आरामगाह जैसे टेंट, लकड़ी के मकान;

(iii) वर्षा जल संचय; और

(iv) कुटीर उद्योग, जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर सम्मिलित हैं :

परंतु यह और भी कि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन तथा संविधान के अनुच्छेद 244 और तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को देनी होगी ।

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा ।

परंतु यह और भी कि जिससे हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत.**—आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनर्नवीकरण के लिए योजना को सम्मिलित किया जाएगा और राज्य सरकार द्वारा ऐसी रीति से मार्गदर्शक सिद्धांत बनाए जाएंगे जिससे कि उन क्षेत्रों में या इसके समीप विकास क्रियाकलाप को रोका जा सके जो ऐसे क्षेत्र के लिए हानिकारक हैं ।

(3) **पर्यटन.**—(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप, जो पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे, आंचलिक महायोजना का भाग रूप में होंगे ।

(ख) पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, मणिपुर सरकार द्वारा राजस्व और वन विभाग, मणिपुर सरकार के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी पारिस्थितिक पर्यटन, (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गनिदेशों के अनुसार होगा जिसमें पारिस्थितिक पर्यटन, पारिस्थितिक शिक्षा और पारिस्थितिक विकास को महत्व दिया जाएगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा ;

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर होटल और रिसोर्ट के नए संनिर्माण अनुज्ञात नहीं होंगे :

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकारियों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत .—** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातो आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें संरक्षित किया जाएगा तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर, उपयुक्त योजना बनाएगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होगा ।

IndiaCode

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थलों.—**पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान करनी होगी और इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह माह के भीतर उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार करनी होंगी तथा आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.—**पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(7) **वायु प्रदूषण.—**पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण.—** पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा ।

(9) **ठोस अपशिष्ट .—** ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा -

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 1357(आ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 नगरपालिक ठोस अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ii) स्थानीय प्राधिकरण जैव निम्नीकरणीय और अजैव निम्नीकरणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के संपृथक्कन के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ;

(iii) जैव निम्नीकरणीय सामग्री को अधिमानतः खाद बनाकर या कृमि खेती के माध्यम से पुनःचक्रित किया जाएगा ;

(iv) अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाना या भष्मीकरण अनुज्ञात नहीं होगा ।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट.—**पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना जि.एस. आर 343(अ) तारीख 28 मार्च 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(11) **यानीय परिवहन .—** परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों और प्रवृत्त नियमों और इसके अध्यधीन बनाए गए विनियमों के अधीन यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों की सूची.—पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और इसके अध्यधीन बनाए गए नियमों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
1	2	3
	प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
(1)	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान, उनको तोड़ने की इकाइयां ।	(क) सभी प्रकार के खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं के सिवाय नहीं होंगी ; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट

		याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वदा प्रचालन होगा।
(2)	आरा मीलों की स्थापना।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मीलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।
(3)	जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नए और विद्यमान प्रदूषण कारित करने वाले उद्योग का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा।
(4)	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
(5)	नए बृहत जल विद्युत परियोजना का स्थापना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
(6)	प्लास्टिक के थैलों का उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
(7)	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
(8)	भूमि के उपयोग के पैटर्न में प्रबल बदलाव।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
(9)	तेल, प्राकृतिक गैस, जैविक ईंधन के परिवहन के लिए भूमिगत पाइपलान।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
(10)	खतरनाक पदार्थों का उपयोग या उत्पादन।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
	विनियमित क्रियाकलाप	
(11)	वृक्षों की कटाई।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किन्ही वृक्षों की कटाई नहीं होगी। (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केन्द्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी।
(12)	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना।	पारिस्थितिक पर्यटन क्रियाकलाप से संबंधित पर्यटकों के अस्थायी व्यवसाय के लिए आवास के संबंध में संरक्षित क्षेत्र की सीमा के एक किलोमीटर या पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा तक, जो भी निकट हो, के भीतर ही नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों को अनुज्ञात किया जाएगा अन्यथा नहीं : परन्तु वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर से परे और पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुरुप होगा।
(13)	पर्यटन से संबंधित रज्जुमार्गों के भांति क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारों आदि द्वारा अभयारण्य क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
(14)	संनिर्माण क्रियाकलाप।	(क) संरक्षित क्षेत्र या पारिस्थितिक संवेदी जोन जो भी निकट हो की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके आवासीय उपयोग के लिए उनकी भूमि में संनिर्माण करने की अनुमति दी जाएगी। परन्तु यह और कि ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे।

		(ख) इसके अतिरिक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन से परे, सदभाविक स्थानीय आवश्यकताओं के लिए संनिर्माण की अनुज्ञा दी जाएगी और अन्य वाणिज्यिक संनिर्माण क्रियाकलाप आंचलिक महायोजना के अनुरूप होंगे।
(15)	वाणिज्यिक जल संसाधन जिसके अंतर्गत भू-जल संचयन भी है ।	(क) भूमि के अधिभोगी के वास्तविक कृषि और घरेलू खपत के लिए जल का निष्कर्षण (सतही और भूमिगत जल) अनुज्ञात होगा ; (ख) औद्योगिक, वाणिज्यिक उपयोग के लिए सतही और भूमिगत जल का निष्कर्षण के लिए संबंधित विनियामक प्राधिकरण पूर्व लिखित अनुज्ञा अपेक्षित होगी जिसके अंतर्गत कितने परिणाम में वह निष्कर्षण करेगा, भी सम्मिलित है ; (ग) सतही या भूजल का विक्रय अनुज्ञात नहीं होगा ; (घ) जल के संदूषण या प्रदूषण, जिसके अंतर्गत कृषि भी है, को रोकने के लिए सभी उपाय किए जाएंगे ।
(16)	कृषि प्रणाली में प्रबल बदलाव।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(17)	विद्युत केबलों और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण ।	भूमिगत केबलों को प्रोत्साहन देना ।
(18)	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड लगाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(19)	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों, रेल पटरी का संनिर्माण ।	उचित पर्यावरण समाघात निर्धारण और न्यूनीकरण उपाय यथा लागू अनुसार होंगे ।
(20)	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे ।
(21)	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(22)	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(23)	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(24)	वायु (जिसमें ध्वनि भी सम्मिलित है) और यानिक प्रदूषण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(25)	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	उपचारित बहिर्स्राव के पुनचक्रण को प्रोत्साहित करना और अबमल या ठोस अपशिष्टों के निपटान के लिए विद्यमान विनियमों का अनुपालन करना होगा ।
(26)	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन से गैर प्रदूषण, गैर परिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि उद्यान, कृषि या कृषि आधारित देशीय माल से औद्योगिक उत्पादों का उत्पादन उद्योग और जो पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालते हैं, अनुज्ञात किए जाएंगे ।
(27)	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(28)	सुरक्षा बलों के कैंप ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(29)	नए काष्ठ आधारित उद्योग।	पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमाओं के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योग की स्थापना को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा : परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में नए काष्ठ आधारित उद्योग स्थापित किए जाएंगे जिसमें 100 प्रतिशत आयातित काष्ठ का उपयोग होगा।
(30)	पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटक क्रियाकलापों के लिए, पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिक अनुकूल कुटीर, जैसे तंबू, लकड़ी के घर आदि ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(31)	पारिस्थितिक-पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(32)	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(33)	पारेषण लाइन ।	चुरचा माध्यम से गुजरते हुए पारिस्थितिक संवेदी जोन क्षेत्र के माध्यम अनुज्ञात होगा ।

संवर्धित क्रियाकलाप		
(34)	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ दुग्धशाला डेयरी उद्योग और मछली पालन ।	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे ।
(35)	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।
(36)	जैविक खेती ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।
(37)	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।
(38)	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग ।	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे ।
(39)	वानस्पतिक बाड़ ।	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे ।
(40)	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।
(41)	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।
(42)	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।
(43)	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए ।

5. पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति- (1) केंद्रीय सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

(क) संबद्ध उपायुक्त - अध्यक्ष;

(ख) क्षेत्र का ज्येष्ठ योजनाकार – सदस्य ;

(ग) ज्येष्ठ पर्यावरण इंजीनियर, मणिपुर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, इम्फाल – सदस्य ;

(घ) गैर-सरकारी संगठनों का प्रतिनिधि जो पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रहा है (अनुसेवी संपत्ति के संरक्षण सहित), मणिपुर सरकार द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए नाम-निर्दिष्ट किया जाएगा - सदस्य ;

(ङ) मणिपुर सरकार द्वारा पारिस्थितिक विज्ञान और पर्यावरण के क्षेत्र में तीन वर्ष की अवधि के लिए नाम-निर्दिष्ट विशेषज्ञ किया जाएगा - सदस्य ;

(च) राज्य जैव विविधता बोर्ड का सदस्य - सदस्य ; और

(छ) वन उप संरक्षक – सदस्य सचिव ;

निर्देश निबंधन

(1) मानिटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(2) मानीटरी समिति का कार्यकाल तीन (3) वर्ष का होगा।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 सारणी में विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

IndiaCode

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबधित उप-वन्य संरक्षक/उद्यान और अभ्यारण्य कोई व्यक्ति जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, उसके विरुद्ध पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(6) मानीटरी समिति मुद्दों के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधि प्रति मुद्दे की अपेक्षाओं के अनुसार विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को **उपाबंध IV** पर उपाबद्ध प्रारूप पर 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

6. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे ।

7. भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन, इस अधिसूचना के उपबंध होंगे ।

[एफ. सं. 25/26/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ. टी. चांदनी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध I

कैलम वन्यजीव अभयारण्य की प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा और चौहद्दी

उत्तर : स्टेशन न. 1 से शुरु होकर जहाँ तुईपी लुई धारा और मोंगकाई लुई धारा से मिलती है, ये मोंगकाई लुई धारा की रेखा के साथ पूर्व दिशा की ओर चलती हुई स्टेशन न. 2 तक पहुचती है जहाँ मोंगकाई लुई धारा और गमसी लुई धारा मिलती है, उसके बाद गमगी लुई धारा स्टेशन न. 3 तक पहुचती है जहाँ गमगी लुई धारा सोंगपिलेन लुई धारा मिलती है, उसके बाद सोंगपिलेन धारा स्टेशन न. 4 तक पहुचती है (लोक निर्माण विभाग मार्ग), उसके बाद लोक निर्माण विभाग मार्ग पार करके स्टेशन न. 5 तक पहुचती है (कोलहेन गांव) अइसी लुई धारा तक पहुचती है (स्टेशन न. 6), उसके बाद अइसी लुई धारा स्टेशन न. 7 पर पहुचती है जहाँ अइसी लुई और तिंगकोलोक लुई धारा मिलती है (स्टेशन न. 8) उसके बाद तिंगकोलोक लुई धारा साथ चलती हुई स्टेशन न. 8 तक पहुचती है वहाँ लेईमाटक (तुईपिन) नदी से मिल जाती है ।

पूर्व : स्टेशन न. 8 पर वहाँ तिंगकोलोक लुई और लेईमाटक नदी मिलती है, उसके बाद साथ चलती हुई दक्षिण दिशा रेखा के साथ चलती हुई लेईमाटक नदी स्टेशन न. 9 तक पहुचती है (ममुलहैंग पिक-1699 मीटर), उसके बाद मिमवालुई धारा स्टेशन न. 10 तक पहुचती है जहाँ मिमवालुई और तुईला धारा मिलते है, उसके बाद तुईला धारा स्टेशन न. 11 तक पहुचती है जहाँ तुईला धारा और तुईवेल धारा मिलती है, फिर तुईवेल धारा गुओइट रोड तक पहुचती है (स्टेशन न. 12) ।

दक्षिण : स्टेशन न. 12 से शुरु होकर, ये रेखा पश्चिमी दिशा की ओर चलता है गुओइट रोड के माध्यम से गुजरते हुए ये मोंगकेन्जोउ गांव तक पहुचता है (स्टेशन न. 13), चिंगपी पाइटे गांव (स्टेशन न. 14), लंगथुल दाइजैंग पाइटे गांव (स्टेशन न. 15), कैंगकैप गांव (स्टेशन न. 16), खुआनगीन पाइटे गांव (स्टेशन न. 17), उसके बाद तुईवाइ नदी (स्टेशन न. 18), उसके बाद तुईवाइ नदी होते हुए स्टेशन न. 19 तक पहुचती है, फिर आई वी आर क्रासिंग के साथ सुमतुकसीमते गांव तक पहुचती है (स्टेशन न. 20) उसके बाद स्टेशन न. 21 (जोउतुनगसीमते गांव)।

पश्चिम : स्टेशन न. 21 से होते हुए ये लाइन उत्तर दिशा से आई वी आर के साथ जोउतुनगसीमते गांव होते हुए स्टेशन न. 22 तक पहुंचती है (जोउतुनगसीमते गांव), स्टेशन न. 23 (पीक 1,555मी), थानलोन गांव (स्टेशन न. 24), सोंगपेकमुन गांव (स्टेशन न. 25), गलकापकोट गांव (स्टेशन न. 26), स्टेशन न. 27 मिनोनगमुन गांव (स्टेशन न. 28), स्टेशन न. 29, खोकेन गांव (स्टेशन न. 30), स्टेशन न. 31, जहाँ आई वी आर क्रासिंग माउजानगलुई धारा होते हुए स्टेशन न. 32 तक पहुंचती है उसके बाद माउजानगजुई धारा तुईपीलुई नदी से जुड़ जाती है, उसके बाद तुईपीलुई नदी स्टेशन न. 34 को पार करती हुई तुईपी लुई और वाफोन लुई अपने संगम स्थल पर मिलती है, तुईपीलुई और गमवुमलुई नदी अपने संगम स्थल स्टेशन न. 35 पर मिलते है स्टेशन न. 1 पारिस्थितिक संवेदी जोन में कैलम वन्यजीव अभयारण्य का प्रारंभ बिंदु है ।

IndiaCode

कैलम वन्यजीव अभयारण्य के निर्देशांक		
जी.पी.एस. संख्या	अक्षांश	देशांतर
1	24° 21' 9.754" उ	93° 19' 54.827" पू
2	24° 20' 34.305" उ	93° 23' 43.367" पू
3	24° 22' 26.343" उ	93° 24' 34.371" पू
4	24° 23' 53.767" उ	93° 25' 59.419" पू
5	24° 24' 23.926" उ	93° 28' 9.089" पू
6	24° 22' 8.528" उ	93° 29' 23.309" पू
7	24° 22' 35.201" उ	93° 30' 29.297" पू
8	24° 13' 32.604" उ	93° 28' 6.114" पू
9	24° 14' 41.578" उ	93° 21' 37.704" पू
10	24° 14' 16.811" उ	93° 19' 50.343" पू
11	24° 15' 1.973" उ	93° 19' 44.379" पू
12	24° 18' 52.151" उ	93° 20' 2.273" पू
13	24° 19' 17.551" उ	93° 19' 14.164" पू

कैलम पारिस्थितिक संवेदी जोन के निर्देशांक		
जी.पी.एस. संख्या	अक्षांश	देशांतर
1	24° 29' 58.141"उ	93° 23' 10.542"पू
2	24° 27' 59.524"उ	93° 25' 36.587"पू
3	24° 27' 20.109"उ	93° 27' 11.482"पू
4	24° 26' 21.437"उ	93° 28' 49.851"पू
5	24° 26' 58.386"उ	93° 29' 41.441"पू
6	24° 27' 30.298"उ	93° 30' 10.366"पू
7	24° 27' 5.005"उ	93° 31' 27.524"पू
8	24° 26' 50.501"उ	93° 32' 37.270"पू
9	24° 23' 5.230" उ	93° 32' 46.706"पू
10	24° 21' 2.806" उ	93° 35' 26.700"पू
11	24° 9' 46.464" उ	93° 31' 53.718"पू
12	24° 8' 14.001" उ	93° 32' 14.079"पू
13	24° 8' 37.311" उ	93° 30' 56.864"पू
14	24° 8' 10.582" उ	93° 29' 32.076"पू
15	24° 8' 38.161" उ	93° 26' 50.716"पू
16	24° 6' 56.178" उ	93° 22' 46.074"पू
17	24° 6' 48.469" उ	93° 21' 39.160"पू
18	24° 8' 19.486" उ	93° 19' 20.817"पू
19	24° 8' 45.676" उ	93° 19' 40.746"पू
20	24° 10' 3.973" उ	93° 18' 7.422" पू
21	24° 10' 33.014"उ	93° 16' 41.806"पू
22	24° 13' 0.591" उ	93° 16' 41.040"पू
23	24° 14' 34.385"उ	93° 16' 47.184"पू
24	24° 16' 10.036"उ	93° 16' 57.511"पू
25	24° 19' 20.633"उ	93° 17' 0.922" पू
26	24° 20' 26.570"उ	93° 16' 43.749"पू
27	24° 20' 50.032"उ	93° 16' 37.058"पू
28	24° 23' 13.907"उ	93° 17' 11.193"पू
29	24° 23' 48.691"उ	93° 17' 24.438"पू
30	24° 24' 27.038"उ	93° 17' 38.309"पू
31	24° 24' 35.853"उ	93° 17' 55.938"पू
33	24° 26' 16.432"उ	93° 20' 55.775"पू
32	24° 26' 19.958"उ	93° 18' 41.926"पू
34	24° 27' 9.833" उ	93° 21' 27.435"पू
35	24° 27' 8.857" उ	93° 22' 9.867" पू

indiacode

उपाबंध II

कैलम वन्यजीव अभयारण्य, मणिपुर की पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा का इसके अधिकतम और विस्तार के अक्षांश और देशांतर सहित मानचित्र



उपाबंध III

कैलम वन्यजीव अभयारण्य, मणिपुर के प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर आने वाले ग्रामों की सूची ।

क्र. सं.	नाम	अक्षांश	देशांतर
1	ऐना	24° 24' 3.922" उ	93° 27' 37.056" पू
2	बुआलजैंग	24° 18' 48.661" उ	93° 35' 20.456" पू
3	बुआलमड	24° 14' 44.701" उ	93° 30' 57.689" पू
4	दिआलखाई	24° 13' 1.101" उ	93° 18' 42.339" पू
5	दोजैंग	24° 26' 21.612" उ	93° 31' 59.157" पू
6	गलकापकोट	24° 20' 24.308" उ	93° 16' 53.858" पू
7	गैंगपीजैंग	24° 21' 3.934" उ	93° 35' 25.425" पू
8	खानपी	24° 26' 1.345" उ	93° 24' 25.249" पू

9	खोकेन	24° 24' 20.941" उ	93° 17' 55.783" पू
10	किटुल्लीफाई	24° 21' 32.707" उ	93° 30' 6.099" पू
11	कोल्हेन	24° 26' 44.771" उ	93° 29' 48.970" पू
12	लोवर सैंटिन्ग	24° 24' 32.371" उ	93° 25' 32.026" पू
13	लंगचैंग	24° 22' 55.064" उ	93° 29' 36.300" पू
14	लंगथुल-दाइजैंग-पाइटे	24° 8' 53.623" उ	93° 26' 39.693" पू
15	माउमोल	24° 25' 1.564" उ	93° 23' 49.347" पू
16	मिलोंगमन	24° 23' 9.341" उ	93° 17' 30.596" पू
17	मोलदाक	24° 24' 21.478" उ	93° 31' 42.484" पू
18	मोंगकेन	24° 8' 34.107" उ	93° 31' 8.169" पू
19	मुआलनुआम-पाइटे	24° 11' 35.873" उ	93° 23' 21.528" पू
20	मुआलफेंग	24° 26' 4.940" उ	93° 22' 20.031" पू
21	मुआलफेंग-पाइटे	24° 11' 54.783" उ	93° 18' 38.082" पू
22	मुनपी	24° 19' 10.898" उ	93° 30' 41.246" पू
23	नुंगशाई	24° 26' 40.088" उ	93° 26' 29.251" पू
24	पैंगसैंग	24° 20' 49.891" उ	93° 34' 10.637" पू
25	फाईलिआन	24° 16' 31.852" उ	93° 28' 20.761" पू
26	फाईनुओम	24° 25' 3.684" उ	93° 21' 18.378" पू
27	फिरान	24° 21' 55.826" उ	93° 34' 27.624" पू
28	फिसात	24° 22' 40.281" उ	93° 34' 31.893" पू
29	फुनचोंगजैंग	24° 18' 30.366" उ	93° 28' 59.227" पू
30	साईचैंग	24° 26' 49.258" उ	93° 24' 11.797" पू
31	सेलशी	24° 16' 4.299" उ	93° 32' 55.721" पू
32	शिंगमन	24° 21' 53.164" उ	93° 32' 5.293" पू
33	सिआलबु	24° 11' 1.422" उ	93° 27' 36.817" पू
34	सिआलबु-पाइटे	24° 11' 1.422" उ	93° 27' 36.817" पू
35	सिंगटम	24° 12' 54.880" उ	93° 29' 33.570" पू
36	सिंगटममापाओजैंग	24° 11' 47.052" उ	93° 32' 4.228" पू
37	सोंगताल-पाइटे	24° 9' 47.948" उ	93° 22' 20.727" पू
38	सुआंगपेकमन	24° 19' 17.475" उ	93° 17' 16.566" पू
39	सुमतुक-सिमते	24° 9' 57.835" उ	93° 18' 24.188" पू
40	थानलोन	24° 15' 57.428" उ	93° 17' 0.507" पू
41	थिंगकेन	24° 19' 39.396" उ	93° 32' 9.345" पू
42	थुआनगटन-पाइटे	24° 9' 27.689" उ	93° 24' 29.520" पू
43	तोंगखाम	24° 17' 19.331" उ	93° 19' 32.901" पू
44	तोंगलोन	24° 15' 19.040" उ	93° 32' 46.708" पू
45	तोंगलोन	24° 15' 19.040" उ	93° 32' 46.708" पू
46	तुइमा-पाइटे	24° 8' 34.894" उ	93° 25' 17.204" पू
47	अपर-सैटिंग	24° 24' 6.622" उ	93° 25' 35.440" पू
48	वोकबुआल	24° 13' 31.012" उ	93° 29' 46.350" पू

indiaCode

उपाबंध-IV

पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना ।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए कार्यवाही किए गए मामलों का सारांश ।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली क्रियाकलापों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरों को पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किया जा सकेगा।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली क्रियाकलापों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरों को पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किया जा सकेगा।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

IndiaCode

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 20th October, 2016

S.O. 3307(E).—Whereas, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, vide notification of the Government of the India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O. 2385(E), dated 31st August, 2015, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

And whereas, objections and suggestions received from all persons and stakeholders in response to the draft notification have been duly considered by the Central Government;

And whereas, the State Government of Manipur had issued intent notification under Section 18 of the Wildlife (Protection) Act, 1972 for declaration of Kailam Wildlife Sanctuary in Churachandpur District of Manipur *vide* notification No. 55/5/97-For Dated 18/6/1997 over an area of 187.50 square kilometre for its adequate ecology

ical, faunal, floral, geo-morphological, natural and ecological significance and for the purpose of protecting, propagating and developing wildlife or its environment;

And whereas, Kailam Wildlife Sanctuary has got a varied floral and faunal diversity including five species of hornbills namely Great Indian hornbill (*Buceros bicornis*), Rufous necked hornbill (*Aceros nipalensis*), Wreathed hornbill (*Rhyticeros undulates*), Indian Pied and lesser pied hornbill (*Anthracoceros sp.*) and brown backed hornbill (*Anorrhinus sp.*) and other species namely Hoolock gibbon (*Hoolock leuconedys*), Barking deer (*Muntiacini*), Sambar (*Rusa unicolor*), Leopard (*Panthera pardus*), Jackal (*Canis aureus*), Jungle cat (*Felis chaus*), Clouded leopard (*Neofelis nebulosa*), Golden cat (*Catopuma temminckii*), Serow (*Capricornis sp.*), Stump tailed macaque (*Macaca arctoides*), Pig tailed monkey (*Macaca sp.*), marble cat (*Pardofelis marmoreta*), etc;

And whereas, it is necessary to conserve and protect the area, the extent and boundaries of which is specified in paragraph 1 of this notification around the protected area of the Kailam Wildlife Sanctuary as Eco-sensitive Zone from ecological and environmental point of view and to prohibit industries or class of industries and their operations and processes in the said Eco-sensitive Zone;

